# कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)- प्रथम उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

**का० आ० सं०:- परीक्षा/डी०ई०ए०/02-2022/76493** **दिनांक 24.12.2021**

## कार्यालय आदेश

**विषय:- लेखाकारों के लिए विभागीय परीक्षा, फरवरी – 2022**

उपरोक्त विषयक परीक्षा माह फरवरी – 2022 में आयोजित की जायेगी। परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा स्थल बाद में घोषित किया जाएगा। उक्त परीक्षा में निम्नलिखित संवर्ग के कर्मचारी सम्मिलित हो सकते हैं :-

1. ऐसे लेखाकार जो **वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नत लेखाकार के रूप में कार्यरत हैं**, उनको उक्त परीक्षा एम०एस०ओ० (ए) खण्ड -1 के अध्याय – 9 के पैरा 9.4.2 के अनुसार **छः अवसरों में परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।** यदि वे सीमित अवसरों में परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पते हैं तो उन्हें लिपिक वर्ग में पुन: पदावनत कर दिया जाएगा। तत्पश्चात पदावनत लिपिक को तीन अवसर और प्रदान की जाएंगे तथा उन्हें पदावनति की तिथि से दो वर्ष के अन्दर उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

2. वे लेखाकार जो कार्यालय में सीधे भर्ती द्वारा नियुक्त किए गए है एवं 01 फरवरी 2022 को एक वर्ष की सतत सेवा पूर्ण करेंगे तथा प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लिए है, वे इस परीक्षा में बैठने के पत्र होगें। उन्हें उक्त परीक्षा के लिए एम० एस० ओ० (ए) खण्ड -1 के अध्याय – 9 के पैरा 9.4.2 के अनुसार छ: अवसरों में परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। यदि वे सीमित अवसरों में परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पते है, तो उन्हें सेवामुक्त कर दिया जाएगा।

3. एम० एस० ओ० (ए) खण्ड -1 के अध्याय – 9 के पैरा 9.4.2 के अनुसार छ: सम्बंधित परीक्षा में समस्त श्रेणी के ऐसे **सभी स्नातक लिपिक एवं स्नातक एम० टी० एस० जो 01 फरवरी 2022 को तीन वर्ष की लगातार सेवा पूर्ण करेंगें एवं टंकण परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं, इस परीक्षा में बैठने के पत्र होंगे।**

4. परीक्षार्थी सभी प्रश्नपत्र य किसी भी एक प्रश्नपत्र का उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी में दे सकते हैं।

5. उपरोक्त ऐसे समस्त कर्मचारी जो इस परीक्षा में बैठने के पात्र हैं, वे **अपने आवेदन पत्र अपने शाखाधिकारी द्वारा विधिवत संस्तुति कराकर परीक्षा अनुभाग में 11.01.2022 तक अवश्य जमा कर दें।** अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**नोट:- ऐसे सभी स्नातक लिपिक/ एम० टी० एस० कर्मचारी, जो कि उक्त परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे, उन्हें उक्त आवेदन पत्र के साथ अपनी स्नातक डिग्री की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।**

**वरिष्ठ उप महालेखाकार/ प्रशासन**

**सं०:- परीक्षा/डी०ई०ए०/02-2022**/76495,76504,76506,76507 **तददिनांक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1 सचिव, महालेखाकार (लेखा एवं हक०)-प्रथम एवं द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2 स०ले०अ०/ उपमहलेखाकर/प्रशासन, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)- प्रथम, उ० प्र०, प्रयागराज।
3 वरिष्ठ लेखाधिकारी/प्रशासन, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक०)-प्रथम एवं द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
4 सहायक लेखाधिकारी आई०टी०सी०जी०/ कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक०)-प्रथम उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इंट्रानेट पर अपलोड करने हेतु।
5 सभी सूचना पट्ट।

**वरिष्ठ लेखाधिकारी / परीक्षा**